आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जन शिकायतों का समाधान करना वर्तमान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में निरन्तर बहुआयामी प्रयास कर रही है। वे आज नादौन विधानसभा क्षेत्र की पुतड़ियाल पंचायत के सेरा में जनसमस्याएं सुनने के दौरान बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम शुरू किया है जिसके माध्यम से लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान भी सुनिश्चित होता है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है और इसी उद्देश्य से शिक्षा विभाग को गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने की योजना पर काम करने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर उन्होंने जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है और इन्हीं गारंटियों को लेकर देशभर में सुर्खियों में बनी हुई है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा के बाद अब महाराष्ट्र में भी हिमाचल सरकार की चुनावी गारंटियों का ज़िक्र कर रहे हैं। जगत सिंह नेगी ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के आरोपों पर कहा कि वे गारंटियों को लेकर झूठ बोल रहे हैं और कांग्रेस सरकार ने पहली गारंटी ओपीएस को सबसे पहले बहाल किया जो केन्द्र में बीजेपी सरकार के समय बंद हुई थी। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने कर्ज़ लेकर प्रदेश को चलाया और 75 हज़ार करोड़ रूपये का कर्ज़ छोड़कर सत्ता से बाहर गए हैं। राजस्व मंत्री ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष अब कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिशें रचने का काम कर रहे हैं जो कभी सफल नहीं होंगी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने व्यवसायिक शिक्षकों को एरियर का भुगतान न करने वाली कम्पनियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि 17 कम्पनियों के माध्यम से इन अध्यापकों को नियुक्ति दी गई है, जिसमें से 16 कम्पनियों ने अपना एरियर चुका दिया था लेकिन एक कम्पनी को एरियर देने में देरी हुई है। व्यवसायिक शिक्षकों को शिक्षा विभाग में मर्ज करने के मांग पर रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार की इन शिक्षकों के प्रति सकारात्मक सोच है लेकिन वित्तीय बाधाएं आड़े आ रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सरकार इस विषय पर सकारात्मक होकर हरसंभव प्रयास करेगी।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा जनता को दी जाने वाली गारंटियों का दौर खत्म होना चाहिए। आज मंडी में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों व निर्दलीय चुनाव लड़ रहे नेताओं के लिए चुनाव आयोग को दिशानिर्देश जारी करने चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के तहत चुनाव लड़ने के लिए बाध्य होने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों को जो गारंटियां दी थी, उन्हें पूरा नहीं कर पाई जिससे लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजाना झूठ बोलते हैं जिससे उनके मंत्री व विधायक अपनी ही सरकार से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 55 करोड़ रूपये की लागत से पंडोह में बना प्रदेश के पहले रोपवे का उद्घाटन भी आपसी लड़ाई के कारण लटका हुआ है।

अभियान

पैंशन व पैंशनभोगी कल्याण विभाग केन्द्र सरकार के पैंशनभोगियों के लिए इस माह राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 का आयोजन करेगा। विभाग के अवरसचिव सिद्धेश्वर चक्रवर्ती ने बताया कि 7 नवम्बर को शिमला में आयोजित होने वाले शिविरों में विभिन्न डिजिटल तरीकों के बारे में पैंशनभोगियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक और इंडिया पोस्ट पैमेंट बैंक द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों मालरोड़, संजौली, कसुम्पटी व टुटू में ये शिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान पैंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के अलावा डीएलसी जनरेशन में होने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

मांग

चंबा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थापित सी.टी.स्कैन मशीन बीते करीब तीन माह से खराब पड़ी है जिसके चलते लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सी.टी.स्कैन मशीन के खराब होने के कारण रोगियों को यह सुविधा लेने के लिए मेडिकल कालेज टांडा व पठानकोट जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से जल्द सी.टी. स्कैन मशीन को ठीक करवाने का आग्रह किया है ताकि उन्हें सुविधा मिल सके। गौरतलब है कि चंबा जिला में सी.टी. स्कैन की यह एकमात्र मशीन है जो मेडिकल कालेज चंबा में स्थापित है।